लापरवाही सड़कों पर स्कूल के बच्चे बेलगाम भगा रहे वाहन

नाबालिकों के हाथ में वाहन, बन सकते हैं दुर्घटना का कारण

नवभारत, जबलपुर। शहर में इन दिनों रोजाना ही एक चिंताजनक स्थिति देखने को मिल रही है। जहां बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे सड़कों पर दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे हैं। कई बार ये बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना हेलमेट के तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाते हैं। जिसके कारण उनके द्वारा की गई यह लापरवाही न केवल उनकी अपनी जान के लिए खतरा है, बल्कि अन्य लोगों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करती है। रोजाना ही सुबह और दोपहर के समय स्कूल खुलने और छुट्टी के दौरान मुख्य सड़कों पर नाबालिग छात्र तेज रफ्तार में बाइक चलाते नजर आते हैं। कई बार वे स्टंट करते हुए या मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए भी दिखाई देते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।

अभिभावकों की भी लापरवाही जिद पर दे देते हैं वाहन

यातायात नियमों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद स्कूल जाने वाले छात्र सड़कों पर बाइक और स्कूटी चलाते देखे जा सकते हैं। अभिभावकों की लापरवाही भी इस समस्या का एक बड़ा कारण मानी जा रही है। कई माता-पिता बच्चों की जिद या सुविधा के कारण उन्हें वाहन सौंप देते हैं।

समय रहते सख्ती की जरुरत

उल्लेखनीय है कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में नाबालिक चालकों की लापरवाही से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें कुछ मामलों में नाबालिक बच्चों के अलावा अन्य राहगीरों को भी गंभीर चोटें आई हैं। बच्चों की लापरवाही आम राहगीरों पर भी भार पड़ जाती है, समय रहते यदि इस समस्या पर सख्ती नहीं की गई, तो यह किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

अवैध शराब पकड़ाने का बदला लेने प्रॉपर्टी डीलर पर हमला, घर में तोड़फोड़

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत रतननगर कॉलोनी में रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर को अवैध शराब को पुलिस से पकड़वाना भारी पड़ गया। बदला लेने के लिए शराब तस्कर ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर हमला करते हुए तोड़फोड़ कर दी। 10 हजार की रंगदारी भी मांगी।पुलिस के अनुसार रतननगर कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय अवनीत सिंह तलवार पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं, रविवार रात करीब 1:45 बजे दीपेश तिवारी अपने साथी जतिन राजपूत उर्फ बब्बा'और एक अन्य युवक के साथ उनके घर पहुंचा। आरोपियों ने अवनीत को आवाज देकर घर से बाहर बुलाया और दरवाजा खोलते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने पूर्व में दीपेश तिवारी की उस शराब को पकड़वा दिया था जिसे शिवकुमार यादव कोल माइंस सुविधा मार्केट के पास अवैध रूप से बेच रहा था। आरोपियों ने हमला करते वक्त चिल्लाकर कहा कि तूने मेरी शराब पकड़वाई है, अब पैसे दे। आरोपियों ने अवनीत पर डंडों और हाथ-मुक्कों से ताबड़तोड़ हमला कर उसे घायल कर दिया।

कानपुर-लखनऊ से दो ठगों को उठा लाई क्राइम ब्रांच

आईपीएस-सीबीआई अधिकारी बन ऐंठे से 76 लाख

नवभारत, जबलपुर। आईपीएस व सीबीआई अधिकारी बनकर की गई 76 लाख रूपए की ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच ने दो और आरोपियों को कानपुर व लखनउ में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है । दोनों आरोपियों को शहर लाने के बाद पूछताछ की जा रही है जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है।

पुलिस के मुताबिक क्राइम ब्रांच में 28 नवम्बर 25 को अनिल कुमार नन्हौरया 72 वर्ष निवासी संजीवनी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कथित विजय कुमार ने आईपी.एस अधिकारी, एवं कीर्ति सान्याल ने सीबीआई अधिकारी बनकर व्हाट्सएप के माध्यम से उसे झूठे केस में फंसाकर, गिरफ्तारी, जप्ति का भय दिखाकर 76 लाख रुपए की ठगी की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इसके साथ ही अजय वर्मा 35 वर्ष निवासी वृन्दावन कॉलोनी रायबरेली रोड लखनउ उप्र को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ में अहम राज उगले थे। पूछताछ में उसने बताया था कि करीब तीन साल पहले शुभ प्रभवे इंफ्रा प्रायवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर एकाउंट आइसीआईसी आई बैंक में खुलवाया था जिसका उसका पेन कार्ड एवं आधारकार्ड, मोबाइल नं जुडा हुआ है। लगभग 1 साल से खाता में कोई लेनदेन नही किया था उसकी पहचान वेदप्रकाश वर्मा से थी जिसने चर्चा के दोरान बताया कि तुम्हारे खाते में पैसे आएंगे और उसके परसेंट में तुम्हे पैसा मिलेगा। इसके बाद वे वेदप्रकाश वर्मा, शाहरुख तीनों लखनउ से दिल्ली गये थे जहां कृष्णा एवं विकास मिले थे। इसके बाद गोलू निवासी अलीगंज लखनउ का रहने वाले का फोन आया था जिसने इंद्रानगर लखनऊ के होटल द स्टे में उसे और वेदप्रकाश को बुलाया जहा से गोलू उर्फविशाल उसका मोबाइल ले गया उसे जानकारी नहीं कि उसके एकाउंट में क्या लेन देन हुआ था। उसके हिस्से के पैसे उसके कोटेक महिंद्रा बैंक के एकाउंट मे 100700 रुपये आये थे जो उसने निकाल लिये थे और कर्जदारो को कर्जा चुकाकर खर्च कर दिये थे।

इसी प्रकार वेदप्रकाश वर्मा 37 वष्र निवासी कानपुर रोड एलडीए फालोनी लखनउ ने पूछताछ पर बताया उसकी बुआ का लडका संजय सोनी निवासी सुजानपुरा आलमबाग लखनउ ने लगभग 06 माह पूर्व बताया कि मेरा संबंध दिल्ली के कुछ लोगों से है जो पैसा लेनदेन का काम करते है जिन्हे एकाउंट की आवश्यकता होती है जिसमें पैसा आता है और परसेंट में पैसे देते है तो उसने अपने दोस्त अजय वर्मा जो वर्तमान में कोई काम नहीं कर रहा था से एकाउंट के बारे में चर्चा की और पैसे के बारे में बोला जिसने अपना एकाउंट नम्बर देने के लिये हामी भर दी तो वह अजय और शाहरुख के साथ दिल्ली पहुंचा जहॉ कृष्णा एवं विकास से अजय को मिलाया और खाते का यूजर नेम आई डी एवं पासवर्ड दिया था। इसके बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया और कानपुर में दबिश दी जहां से अंकित सिंह 36 वर्ष निवासी कानपुर उ.प्र. और लखनउ में दबिश देते हुये विशाल सिह चौहान उर्फगोलू 33 वर्ष निवासी लकीरपुर खेरी उ.प्र. को गिरफ्तार किया गया।

जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर हड़पे 18 लाख

जालसाज सगे भाईयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत करमेता में जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर जालसाज भाईयों ने 18 लाख रूपए हड़प लिए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है ।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति रेखा लखेरा 62 वर्ष, निवासी शुकवारी बजरिया हनुमानताल ने लिखित शिकायत की कि उसके पति विष्णु लखेरा रिटायरमेंट होने के बाद उनको रिटायरमेंट का पैसा मिला था जिससे हमारे द्वारा आशीष सिंह ठाकुर एवं उसके भाई आकाश सिंह ठाकुर के कहने पर एक प्लाट करमेता, में 21 कुल रकबा 1544.75 वर्गफुट भूमि विक्रेता बसंत यादव 52 वर्ष, निवासी ग्राम रैगवां, पाटन रोड जबलपुर वाले से प्लाट उसके और बहु श्रीमति प्रगति लखेरा के नाम से क्रय किया था, जिसमें रजिस्ट्री की राशि उसके पति के द्वारा चैक के माध्यम से दी थी, उक्त प्लाट आशीष सिंह ठाकुर एवं उसके भाई आकाश सिंह ठाकुर के द्वारा क्रय करवाया गया था और क्रय कराने के पूर्व इनके द्वारा यह शर्त रखी गयी थी कि उक्त प्लाट में हमारे द्वारा मकान का निर्माण करवाया जायेगा। आशीष सिंह ठाकुर के द्वारा भवन निर्माण अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया था जिसमें आशीष सिंह ठाकुर ने 22, लाख रूपये में सिंगलेक्स मकान बनाने की शर्तों के अनुसार सौदा किया था। उक्त शर्तों के अनुसार उसके पति के द्वारा आशीष सिंह ठाकुर को किश्तो के माध्यम से राशि दी गयी।

आशीष सिंह ठाकुर एवं उसका भाई मां रेवा डेवपलर्स के नाम से भवन निर्माण का काम करता है। उसके पति के द्वारा आशीष सिंह ठाकुर एवं उनके भाई को मां रेवा डेवपलर्स के नाम से कुल राशि 24,22,200 रुपये दिये गये। आशीष सिंह ठाकुर एवं उनके भाई के द्वारा प्लाट दिलाने में भी करीब दो लाख रूपये कमीशन के रूप में पूर्व में ले लिये थे इस कारण रजिस्ट्री के पूर्व 1,00,000 रूपये नगद प्रदान किये गये थे और इन दोनों के द्वारा रजिस्ट्री दिनांक करवाई थी। आशीष सिंह ठाकुर एवं उनके भाई आकाश सिंह ठाकुर के द्वारा मकान का निर्माण नहीं कराया। आशीष सिंह ठाकुर एवं उसके भाई आकाश सिंह ठाकुर के द्वारा धोखाधड़ी कर 18 लाख रूपए हड़प लिए गए ।

2 मार्च से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल टली

विवादित अधिसूचना होल्ड करने मुख्यमंत्री ने दिए अधिकारियों को निर्देश

नवभारत, जबलपुर। आई एस बी टी बस ऑपरेटर एसोसिएशन की बैठक राम भवन, बल्देवबाग में आयोजित की गई, जिसमें मध्यप्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, अध्यक्ष कमल किशोर तिवारी 'पिंटू' एवं संजय समाधियां ने भाग लिया। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के साथ हुई चर्चा में विवादित अधिसूचना को होल्ड करने और एक नोटिफिकेशन को वापस लेने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी के चलते 2 मार्च से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने एक समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें बस ऑपरेटर्स के प्रतिनिधियों के साथ परिवहन मंत्री और प्रमुख सचिव परिवहन शामिल होंगे और उनकी सहमति से आगे कोई भी निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर वीरेन्द्र साहू, कमल किशोर तिवारी 'पिंटू' एवं अन्य प्रतिनिधियों का बस ऑपरेटर्स का पक्ष मजबूती से रखने के लिए सम्मान किया गया।

ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से शंकर दयाल शर्मा, बच्चू रोहाणी, नसीम बेग, संजय शर्मा, उदय चंद जैन, कल्याण नियोगी, रवि उपाध्याय, अजय पाठक, प्रहलाद छुगानी, मिंकु केशरवानी, कृष्ण कुमार खम्परिया, नरेश रजक, दिलीप मंगलानी, धन्नू जैन, ओम प्रकाश जायसवाल, संतोष शर्मा, रमेश जैन, माजिद खान, जावेद खान, बलवंत सिंह, मनीष जैन, कंधी जैन, नौशाद, बंटी राय, अजीत पटेल, संदीप जैसवाल, रजनीश शर्मा, राज जैसवाल, सत्यम तिवारी, सचिन मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार-नौ लाख की डिमांड कर महिला को दहेजलोभियों ने दी प्रताड़ना

इंजीनियर पति, रिटायर्ड एसआई ससुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत रमखिरिया में रहने वाली एक महिला को शादी के बाद से दहेज लोभी कार और नौ लाख रूपए नगद की डिमांड कर आए दिन प्रताड़ित करने लगे जिनसे तंग आकर अब पीड़िता ने दहेज लोभियों के खिलाफ थाने में शिकायत की ।पुलिस ने साफ्टवेयर इंजीनियर पति, रिटायर्ड एसआई ससुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर श्रीमति शैलजा राजपूत 32 वर्ष निवासी रमखिरिया ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी वर्ष 2023 में हिन्दू रीति रिवाज से व्यावरा निवासी राजबहादुर राजपूत से हुई थी शादी में उसके माता पिता द्वारा 18 लाख रूपये राजबहादुर

राजपूत को दिये थे पति साफ्टवेयर इंजीनियर हैं उसके पिता ने मुंह मांगा दहेज ससुराल वालों को दिया था शादी के बाद ससुराल बिदिशा गयी वहां तीन दिन रूकी, शादी में फोर व्हीलर न देने एवं 9 लाख रूपये कम देने का ताना मारने लगे, उसने अपने पिता को बतायी थी, ससुराल में पति राजबहादुर मायके से कार एवं 9 लाख रूपये लाने का दबाव बनाने लगे थे।

बेटी से आभूषण छुड़ाकर रखे, पिता से की अभद्रता

पीड़िता ने बताया कि ससुर पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड हैं ससुराल वालों ने उसके गहने उससे छुड़ाकर अपने पास रख लिये पति राजबहादुर, ससुर गोपाल सिंह राजपूत, आये दिन दहेज में कार एवं 9 लाख रूपये रूपये न दिये जाने के कारण उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे पति ने कई बार उसके साथ मारपीट की थी। उसके माता पिता द्वारा कई बार ससुराल वालों के साथ बैठक कर रिश्ता न टूटे बातचीत की गई जो ससुर द्वारा हर बार उसके पिता के साथ बदतमीजी से से बात कर बैठक करने से मना कर दिया।

तीन किशोरियां रहस्यमय ढंग से गायब

नवभारत, जबलपुर। शहर से तीन किशोरियां रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। तीनों ही मामलों में परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन जब बच्चियों का पता नहीं चला तो वे सीधे थाने पहुंचे और अपहरण की आशंकाएं जाहिर करते हुए एफआईआर दर्ज करवाईं। यह मामले लार्डगंज, अधारताल, पनागर थाना क्षेत्र के है ।पुलिस ने तीनों ही मामलों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।

लार्डगंज पुलिस ने ब ताया कि पन्नी मोहल्ला सुहागी निवासी 45 वर्ष युवक निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार दोपहर 3:30 बजे से 4 बजे के बीच 15 वर्षीय बेटी करमचद्र चौक गई थी जो वापिस नहीं लौटीं। इसी प्रकार पनागर पुलिस ने बताया कि 38 वर्ष महिला निवासी बिछुआ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार की रात्रि नौ बजे परिवार के सभी सदस्या सो गए थे ।रात्रि करीब 11 बजे उठी तो देखी कि छोटी बेटी 13 वर्ष घर पर नही थी जिसकी तलाश किए लेकिन नहीं मिली। इसी प्रकार अधारताल थाने में कटरा निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 वर्षीय बेटी को मोबाइल देने के लिये से मना कर दिया था। जिससे वे नाराज हो गई। रविवार सुबह सात बजे उठी तो देखा कि बेटी घर में नहीं थी।

लाइन कर्मियों को अधीक्षण अभियंता बेवजह कर रहे सस्पेंड

तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली से बढ़ रहा तनाव

नवभारत,जबलपुर। विद्युत वितरण कंपनी के लाइन कर्मियों का मूल कार्य एफओसी और विद्युत तंत्र का रखरखाव है, राजस्व वसूली लाइन कर्मियों का मूल कार्य नहीं है, इसके बाद भी अधिकारी बाकी सभी कार्य रोक कर लाइन कर्मियों से राजस्व वसूली करा रहे हैं। इतना ही नहीं राजस्व वसूली में मामूली कमी भी रह जाये तो सीधे सस्पेंड कर दिया जाता है। उक्त आरोप मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने लगाए हैं।

उन्होंने जबलपुर सिटी सर्किल के अधीक्षण अभियंता की तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली की निंदा करते हुए कहा कि फरवरी महीने का राजस्व लक्ष्य 64.5 करोड़ रुपये थे, इसके एवज में लाइन कर्मियों ने 66 करोड़ रुपये का संग्रहण किया। इसके बावजूद कार्यपालन अभियंता अपनी लचर कार्यप्रणाली को छिपाने के लिए लाइन कर्मियों का निशाना बनाया जा रहा है। हरेंद्र श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि अधीक्षण अभियंता द्वारा तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए कर्तव्यनिष्ठ लाइन कर्मियों को सस्पेंड किया जा रहा है और अपने इस कृत्य की वाहवाही लूटी जा रही है।

कंपनी प्रशासन से की मांग

संघ के एसके मौर्य, केएन लोखंडे, एसके सिंह, एसके शाक्य, मदन पटेल आदि ने कहा कि सस्पेंड लाइन कर्मियों को तत्काल बहाल किया जाए और कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि तानाशाही करने वाले अधीक्षण अभियंता से चालू प्रभार वापस लिया जाए।

होली पर 4 मार्च को भी रहेगा सार्वजनिक अवकाश

नवभारत,जबलपुर। राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 4 मार्च को भी निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट-1881 के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। अब होली के त्यौहार पर मंगलवार 3 मार्च के साथ-साथ बुधवार 4 मार्च को भी सार्वजनिक और सामान्य अवकाश रहेगा। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व पर पूर्व में 3 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जा चुका है।

मेडिकल में एमआरआई मशीन लगने में अभी लगेंगे 4 माह

मेडिकल में सिविल वर्क के चलते लग रही देरी

निजी केंद्रों में जांच के लिए जाने मजबूर हुए मरीज

नवभारत,जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज कराने आ रहे मरीजों को एमआरआई की जांच कराने के लिए तीन से चार माह का और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि जहां पर मशीन स्थापित होनी है वहां सिविल वर्क अभी भी किया जा रहा है। और इस काम को पूरा होने में 3 से 4 माह का समय लगना बताया जा रहा है। अब आलम ये है कि मरीजों को मजबूरी में निजी केंद्रों में एमआरआई के लिए जाना पड़ रहा है। मेडिकल अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार नई एमआरआई मशीन को स्थापित करने के लिए एक विशेष तकनीकी बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। इसके लिए विशेष कक्ष का निर्माण, रेडिएशन सुरक्षा और मैग्नेटिक फील्ड को नियंत्रित करने के लिए निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कंपनी के इंजीनियरों द्वारा मशीन को असेंबल और टेस्ट किया जाएगा, जिसमें समय लगना तय है।

निजी केंद्रों में जाने से बिगड़ती है आर्थिक स्थिति

विदित हो कि मेडिकल कॉलेज में एमआरआई सुविधा ठप्प होने का सबसे ज्यादा असर आर्थिक रूप से कमजोर उन मरीजों पर पड़ रहा है, जिनके पास कोई कार्ड नहीं है। ऐसे में मजबूरन इन मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर इसके लिए 5,000 से 12,000 तक देकर जांच कराना पड़ रही है। जिससे उन्हें आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है।

इनका कहना है

निर्माण कार्य के सेंटर से हमने मरीजों की सुविधा के लिए एमओयू किया है। जल्द से जल्द काम पूरा करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है। सीटी स्कैन की जांच फिलहाल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हो रही है।

प्रो. नवनीत सक्सेना
डीन मेडिकल कॉलेज, जबलपुर।

इंतजाम होली पर्व पर हुडदंगियों से सख्ती से निपटेगी पुलिस, तीसरी आंख से भी होगी निगरानी

3000 का फोर्स संभालेगा सुरक्षा का जिम्मा

नवभारत, जबलपुर। होली पर्व को लेकर पुलिस ने सुरक्षा की तैयारियां तेज कर दी है। सुरक्षा का खाका खींच लिया गया है। हुड़दंगियों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। रंगे के पर्व पर भंग डालने वालों का पर्व सलाखों के पीछे मनेगा। संवेदनशील इलाकों में पुलिस का सख्त पहरा होगा। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर होगी । जिला पुलिस बल के लगभग 2000 अधिकारी, कर्मचारी लगाये गये है। साथ ही आरएएफ, क्यूआरएफ, पीटीएस 6वीं वाहिनी व आठवीं वाहिनी के बल को कन्ट्रोलरूम में रिजर्व रखा गया है। साथ ही 231 का फोर्स बाहर से बुलाया गया है । कुल 3000 से अधिक का फोर्स कानून व्यवस्था संभालेंगा। पर्व पर हुडदंगियों पर पैनी नजर रखने के साथ तीन सवारी वाले दो पहिया वाहनों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, सड़कों पर स्टंट करने वालों, तेज रफ्तार या जिग-जैग में गाड़ी चलाने वालों, पटाखे फोड़ने वाले सायलेंसर वाली मोटर साइकिलों, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई होगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर (एल्कोमीटर) से जांच की होगी। पुलिस तीसरी आंख से भी निगरानी करेंगी। इसके अलावा सादे कपड़ों भी फोर्स शहर की सड़कों पर तैनात होगा जो संदिग्धों पर नजर रखेगी। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी होगी। हर गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी।

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहेगी टीमें

इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखने टीमें मॉनिटरिंग करेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह व अश्लीलता फैलाने वालों समेत भडक़ाऊ पोस्ट या



आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर कार्यवाही होगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर भी कार्यवाही होगी। होटल ढाबो पर भी पुलिस दबिश देगी अगर कहीं शराबखोरी होते मिली तो ढाबा संचालक और शराबियों पर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज होगा।

बदमाशों को जेल भेजने की तैयारी

गुंडे बदमाशा चिहिन्त कर लिए गए है। जिनकी धरपकड़ शुरू कर दी गई। इसके साथ ही संगीन अपराध में जेल से छूटे कुख्यात बदमाशों पर भी पुलिस नजर रखने के साथ उन्हें चेतावनी दे रही है कि अगर माहौल खराब करने की कोशिश की तो खैर नहीं। गुंडा बदमाशों की धरपकड़ का अभियान रंगपंचमी तक चलेगा।

ये है संवेदनशील क्षेत्र

शहर में ओमती, बेलबाग, घमापुर, गोहलपुर, हनुमानताल, कोतवाली, अधारताल, संजीवनी नगर, मदनमहल अन्य शामिल है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा एवं इन स्थानों पर पुलिस की मोबाईल पार्टियां लगातार गश्त कर निगाहें रखेंी। नशे में हुड़दंग करने वालों पर एक्शन लेगी।

125 फिक्स प्वाइंट, 66 टीमें गलियों में घूमेंगी

शहर में 125 फिक्स प्वाइंट, 18 स्ट्राईकिंग रिजर्व प्वाईट एवं सड़को पर स्पीड कंट्रोल करने 37 ब्रीथ एनेलाईजर, स्टॉपर प्वाईंट लगाये जायेंगे, साथ ही शहर में 66 अतिरिक्त पैट्रोलिंग मोबाईलों के अतिरिक्त थाना प्रभारी मोबाईल, एवं थानो की चीता पैट्रोलिंग भी लगातार शहर की गली-गली में घूमती रहेगी और हर गतिविधियों पर नजर रखेंगी।

खाद्य सुरक्षा टीम ने किया मिठाई की दुकानों का निरीक्षण

खाद्य पदार्थों के एकत्रित किये नमूने, विक्रेताओं को दिए निर्देश

नवभारत,जबलपुर। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत होली के त्यौहार को देखते हुये रविवार को भी मिष्ठान्न विकय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मावा, घी, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों में मिलावट की पहचान हेतु मौके पर ही यूरिया, डिटर्जेंट तथा स्टार्च एवं शक्कर की जांच भी की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिठाई तथा नमकीन आदि का निर्माण तथा संग्रहण स्वच्छ परिवेश में करने, ढंक कर रखने तथा अधिक मात्रा में मिठाइयों का निर्माण नहीं करने के निर्देश खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं को दिये गये।

इन प्रतिष्ठानों से लिए नमूने

खाद्य सुरक्षा प्रशासन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को किये गये निरीक्षण में आईटीआई पाटन रोड़ स्थित रूपाली स्वीट्स से मावा एवं बेसन सेव, त्रिमूर्ति नगर स्थित अग्रवाल स्वीट्स से गुझिया एवं रसगुल्ला, ग्राम मझगवां स्थित शिवम स्वीट्स से बेसन लड्डू और नमकीन, सिहोरा स्थित आकाश डेयरी से मावा, विजय स्वीट्स से चकली और सलौनी, खोवा मण्डी जबलपुर में मुकेश खोवा भण्डार से खोवा, सरावगी खोवा भण्डार से खोवा, रोहित खोवा भण्डार से खोवा, जितेन्द्र पेड़ा भण्डार से खोवा और खोवा पेड़ा, मेडिकल स्थित बडकुल मिष्ठान्न भण्डार से मावा एवं नमकीन, बीकानेर स्वीट्स से खोवा बर्फी एवं नमकीन, गोराबाजार स्थित आर्यन स्वीट्स से खोवा बर्फी तथा गुप्ता स्वीट्स से सलौनी के नमूने लिये गये।